लोक सभा अध्यक्ष ने श्री डोनकूपर रॉय के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 29 जुलाई, 2019: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मेघालय विधान सभा के अध्यक्ष श्री डोनकूपर रॉय के दुखद निधन पर शोक व्यक्त किया। अपने संदेश में, श्री बिरला ने कहा, 'मेघालय विधान सभा के अध्यक्ष श्री डोनकूपर रॉय के अकस्मात् निधन से मैं अत्यन्त दुखी हूं। जनता के लोकप्रिय नेता और मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य को विकास के पथ पर अग्रसर किया तथा राज्य की जनता के कल्याण के लिए कार्य किया। मैं शोक-संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे।'